दिन– शुक्रवार                                                                 दिनांक– 21 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                   अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी की उन्नीसवीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में बताया कि देश भर के दो करोड़ पचास लाख किसान इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत और ऑनलाइन रूप से शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब तक कुल तीन लाख छियालीस हजार करोड़ रुपये जारी किये जा चुके हैं।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के अंतिम दिन पटना जिले का दौरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बाढ़ के प्रसिद्ध उमानाथ महादेव मंदिर का निरीक्षण कर यहां चलाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। श्री कुमार ने बाढ़ प्रखंड के बेढ़ना पंचायत में पंचायत सरकार भवन, पुस्तकालय और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में टेलीमेडिसिन जैसी सुविधाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बेढ़ना पंचायत में जीविका दीदियों की ओर से लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। बाढ़ के बाद मुख्यमंत्री दानापुर अनुमंडल के मनेर पहुंचे। यहां उन्होंने जे.पी. सेतु से कोइलवर तक प्रस्तावित रिंग रोड का शिलान्यास और छितनावां रोड का रिमोट से उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने रूपसपुर में नहर रोड के चौड़ीकरण का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पटना में मल्टी लेवल कार पार्किंग और मॉडल वेंडिंग जोन का भी उद्‌घाटन करेंगे।

————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज पटना जिले के चौदह विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। श्री यादव कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के तहत अब तक सैंतीस जिलों के कुल दो सौ

उनतीस विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर चुके हैं। इससे पूर्व पटना में मीडिया से बात करते हुए श्री यादव ने भाजपा पर आरोप लगाया कि पार्टी में एक नहीं बल्कि कई गुट काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बेरोजगारी बढ़ी है और युवाओं का पलायन जारी है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे कभी मुख्यमंत्री नहीं बन पायेंगे। श्री सिंह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अपराध क्या होता है यह नेता प्रतिपक्ष को मालूम ही नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल अपराध के आंकड़े जारी करने से जंगलराज का दाग धुल नहीं जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को अपने पिता के शासनकाल में हुए अपराधों का पहले ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

———————————————————————

प्रयागराज में जारी महाकुंभ से लौट रहे छह तीर्थयात्रियों की आज सुबह भोजपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। आरा–मोहनिया राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर दुल्हनगंज बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास यह दुर्घटना उस समय हुई जब तीर्थयात्रियों के तेज रफ्तार वाहन ने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। मृतकों में चार महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

———————————————————————

महाशिवरात्रि पर अमृत स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने कई प्रबंध किये हैं। रेलवे द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि पूर्व मध्य रेलवे के उन्नीस प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया का निर्माण कराया गया है। पटना के तीन स्टेशनों–पटना जंक्शन, राजेन्द्रनगर टर्मिनल और दानापुर में दो–दो होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। इसके अलावा आरा, बक्सर, बेगूसराय, दरभंगा और सहरसा समेत अन्य स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरिया का निर्माण कराया गया है। होल्डिंग एरिया में यात्रियों के बैठने, पेयजल और रेलगाड़ियों की जानकारी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाया गया है। साथ ही इन सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गयी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।